भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1905
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत हवाई यात्रियों की संख्या

1905. श्री पुट्टा महेश कुमार:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़ान के अंतर्गत संचालित हवाई अड्डों पर प्रबंधित विमान यात्रियों की संख्या का वर्ष और विमानपत्तन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त हवाई अड्डों की यात्री प्रबंधन क्षमता, वास्तविक विमान यात्रियों की संख्या और क्षमता उपयोग का विमानपत्तन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) मार्गों की संख्या, सेवाओं की आवृत्ति और जुड़े हुए गंतव्य सहित ऐसे विमानपत्तनों से वर्तमान में संचालित हो रही अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ान सेवाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) अतिरिक्त मार्गों या सेवाओं को शुरू करने के किन्हीं प्रस्तावों सहित आंध्र प्रदेश में उड़ान योजना के अंतर्गत विकसित विमानपत्तनों पर विमान यात्रियों की संख्या, मार्ग व्यवहार्यता और उपयोग में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक)आरसीएस-उड़ान(के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में कडपा और कुरनूल हवाईअड्डों को परिचालनरत किया गया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान इन हवाईअड्डों पर हैंडल किए गए यात्री यातायात, जुड़े गंतव्यों और सेवाओं की आवृत्ति सहित वर्तमान अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ान सेवाओं का ब्यौरा अनुलग्नक में है।

देशभर में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और बढ़ाने, अगले 10 वर्षों में 120 नए गंतव्यों को जोड़ने और 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए सरकार ने उड़ान योजना का अगला चरण दिनांक 04.07.2026 को शुरू किया है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश सरकार क्षेत्रीय संपर्क आवश्यकताओं, यात्री मांग और परिचालन व्यवहार्यता के आधार पर बोली प्रक्रिया में शामिल करने के लिए राज्य प्राथमिकता मार्गों की पहचान और प्रस्ताव कर सकती है।

इसके अलावा, मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही, भारतीय घरेलू विमानन को गैरविनियमित कर दिया गया है। एयरलाइनें किसी भी विमान टाइप के साथ क्षमता को शामिल करने और अपनी परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर सेवा प्रदान करने के लिए बाजार और नेटवर्क का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

अनुलग्नक

पिछले पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश में आरसीएस-उड़ान योजना के तहत परिचालनरत किए गए हवाईअड्डों पर हैंडल किया गया यात्री यातायात

हवाईअड्डा	हैंडल किए गए यात्री (संख्या में)				
	2021-2022	2022-2023	2023-2024	2024-2025	2025-2026
कडपा	12,855	70,126	65,544	52,745	70,450
कुरनूल	31,535	38,622	39,746	19,427	20,563

<u>आंध्र प्रदेश में आरसीएस-उड़ान योजना के तहत परिचालनरत हवाईअड्डे की मौजूदा अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ान संपर्क</u>

हवाईअड्डा	एयरलाइन का नाम	जुड़े हुए शहर	साप्ताहिक आवागमन (आगमन+ प्रस्थान)
कडपा	इंडिगो	शमशाबाद , चेन्नई, विजयवाड़ा	16
कुरनूल	इंडिगो	विजाग , बैंगलौर, विजयवाड़ा	18

******